तापमान
अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 22.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 19 मार्च 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 नशीले पदार्थों के अनाधिकृत विक्रय पर सख्त ...




12 शिक्षक संगठन ने पालिका अध्यक्ष से की मुलाकात




## खबर संक्षेप




### बस की टक्कर से ट्रक पलटा

**महासमुंद।** रायपुर से ओडिशा सामान लेकर जा रहे ट्रक को बस ने टक्कर मार दिया। इस टक्कर से ट्रक रोड किनारे पलट कर क्षतिग्रस्त हो गया। पिथौरा पुलिस ने बताया कि मामले को लेकर ट्रक के ड्राइवर श्रवण कुमार यादव पिता सुखदेव यादव (32 वर्ष) निवासी ग्राम महुली थाना रोसरा जिला समस्तीपुर बिहार हॉल मुकाम कटक प्रोफेसर पारा ओडिशा ने रिपोर्ट लिखाई है। पुलिस ने बताया कि ड्राइवर ट्रक आयचर क्रमांक ओडी 05 बीएफ 3051 में रायपुर से ओडिशा राज्य के अंगुल व भुनेश्वर का सामान भर कर निकला था। रात्रि करीब 11 बजे पहलवान ढाबा के सामने एनएच 53 रोड ग्राम राजा सेवैया पहुंचने पर पीछे से आ रही राधा कृष्ण बस क्रमांक सीजी 14 एमएस 6454 के चालक सलीम एक्का ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये ट्रक को ठोकर मार कर एक्सीडेंट कर दिया जिससे ट्रक रोड किनारे पलट गया। इसके बाद उक्त बस चालक के द्वारा ट्रेलर क्रमांक एमएच 46 बीएफ 2299 को भी एक्सीडेंट कर दिया। इस दौरान बस का चालक भाग निकला, जिससे आवागमन बाधित रहा। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281, 285 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

**अपराध : तुमाडबरी स्थित देशी-विदेशी शराब दुकान में आगजनी मामला**

# गबन को छिपाने शराब दुकान में लगा दी आग, आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम तुमाडबरी में संचालित देशी और विदेशी शराब दुकान में 14-15 मार्च की मध्य रात्रि आग लगने के मामले में मुख्य विक्रयकर्ता और उसके सहयोगियों के खिलाफ महासमुंद कोतवाली में मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 238, 3(5), 316(2), 316(3), 316(4), 318(3), 318(4), 326(जी) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

मामले को लेकर आबकारी उपनिरीक्षक ने कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने आबकारी निरीक्षक की रिपोर्ट को लेकर बताया कि 14-15 मार्च की मध्य रात्रि करीबन 3-30 बजे विदेशी मदिरा दुकान एकता चौक एवं देशी मदिरा दुकान बेमचा जो कि बेमचा रोड ग्राम तुमाडबरी में संचालित है में आग लगने की सूचना मिली थी, जिसका आबकारी टीम के साथ दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में विदेशी मदिरा दुकान में 730700 रुपए की मदिरा नष्ट होना तथा 824620 रुपए का स्टाक शार्टेज होना तथा लगभग 150000 रुपए मूल्य की संपत्ति नष्ट होना पाया गया। इसी तरह देशी शराब दुकान में 108900 रुपए की शराब जलने से नष्ट होना तथा 940790 रुपए का शार्टेज होना एवं लगभग 450000 रुपए की अन्य संपत्ति जलने से नष्ट होना पाया गया। इसे लेकर दोनों दुकानों के मुख्य विक्रयकर्ता एवं अन्य कर्मचारियों से पूछताछ की गई, जिस पर मुख्य विक्रयकर्ता चितेश्वर साहू ने पूछताछ के दौरान स्टाक को विक्रय कर राशि का गबन करना तथा गबन के साक्ष्य को विलोपित करने हेतु आगजनी करना मौखिक रूप से स्वीकार किया।

इसके बाद मौके पर चेतन विश्वकर्मा एवं ड्यूटी पर कार्यरत सुरक्षाकर्मी के द्वारा तत्काल आस-पास से पानी लेकर आग बुझाने की कोशिश की गई। उक्त घटना की सूचना 112 पर काल करके विजय साहू सुरक्षाकर्मी के द्वारा दी गई। अग्निशमन कार्यालय में दूरभाष से संपर्क न होने पर त्रिभुवन धीवर सुरक्षाकर्मी के द्वारा अग्निशमन कार्यालय में पहुंचकर मदिरा दुकान में लगी आगजनी की सूचना दी गई। अग्निशमन की टीम, आबकारी टीम एवं सुरक्षाकर्मी एजेंसी के प्रतिनिधि चेतन विश्वकर्मा तथा 112 पुलिस पेट्रोलिंग टीम की उपस्थिति में मदिरा दुकान में सीलबंद ताले को तोड़कर आग बुझाने की कार्रवाई की गई। इसके बाद मदिरा दुकान के आस-पास देखने पर मदिरा दुकान की बिल्डिंग की छत पर 2 पीले रंग के जेरीकेन में कुछ पेट्रोल जैसा तरल द्रव्य, 1 पाइप तथा लोहे की सीढ़ी होना पाया गया था। जिसे बाद में पुलिस की टीम एवं फारेंसिक टीम के द्वारा विवेचना हेतु जब्त किया गया।

पुलिस ने बताया कि वर्तमान में देशी मदिरा दुकान बेमचा तथा विदेशी मदिरा दुकान एकता चौक का संचालन सीएसएमसीएल रायपुर के द्वारा किया जा रहा है, जिसमें मैनपावर एजेंसी इगल हंटर प्रायवेट लिमिटेड के द्वारा मुख्य विक्रयकर्ता एवं विक्रयकर्ता तथा मल्टीवर्कर कर्मचारियों की नियुक्ति की जाती है मदिरा दुकानों का भौतिक सत्यापन किए जाने पर देशी मदिरा दुकान बेमचा में कुल 940790 रुपए तथा विदेशी मदिरा दुकान एकता चौक में कुल 824620 रुपए की मदिरा का हिसाब का लेखा जोखा नहीं पाया गया। उक्त संबंध में मदिरा दुकानों के कर्मचारियों से पूछताछ की गई। जिस पर मुख्य विक्रयकर्ता चितेश्वर साहू द्वारा कैश शार्टेज स्वयं के द्वारा किया जाना स्वीकार किया गया तथा कैश शॉर्टेज के साक्ष्य को छिपाने/मिटाने हेतु अपने सहयोगी के साथ मिलकर आगजनी की घटना को अंजाम देना बताया। कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत अलग-अलग आठ धाराओं में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



### यह है पूरा मामला

पुलिस को आबकारी उपनिरीक्षक ने बताया कि देशी मदिरा दुकान बेमचा तथा विदेशी मदिरा दुकान एकता चौक में आग लगने की सूचना सुरक्षागार्ड एजेंसी ईलाइट फाल्कन प्राईवेट लिमिटेड के जिला प्रतिनिधि चेतन विश्वकर्मा के द्वारा उसे फोन पर 14-15 मार्च 2025 की मध्य रात्रि 3-30 बजे सूचना दी गई। इसके बाद आबकारी स्टाफ महासमुंद के साथ मदिरा दुकान में पहुंचकर देखने पर दोनों मदिरा दुकान के वेंटिलेशन खिड़की से धुआं निकल रहा था। ड्यूटीरत सुरक्षाकर्मी विजय साहू, त्रिभुवन धीवर तथा सुरक्षागार्ड एजेंसी ईलाइट फाल्कन प्राईवेट लिमिटेड के जिला प्रतिनिधि चेतन विश्वकर्मा ने बताया गया कि दुकान के पीछे आवाज आने पर रात्रि लगभग 3 बजे को टार्च लेकर सुरक्षाकर्मी विजय साहू द्वारा मदिरा दुकान के पीछे जाकर देखा गया, इस दौरान दो अज्ञात व्यक्तियों लोहे की सीढ़ी पकडकर भाग रहे थे। विजय साहू ने आवाज देकर दूसरे सुरक्षाकर्मी त्रिभुवन धीवर को बुलाया और अज्ञात व्यक्तियों को दौड़ाकर पकड़ने की कोशिश की गई, लेकिन, अंधेरा का फायदा उठाकर अज्ञात व्यक्ति लोहे की सीढी को छोड़कर भाग गये।

# शराब दुकान कर्मियों को नहीं मिल रहा वेतन



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- **कलेक्टर के पास शिकायत लेकर पहुंचे कर्मी, मिला आश्वासन**

जिले मे संचालित सरकारी शराब की दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों को दो माह से वेतन नही दिया गया है। ऐसे में हेराफेरी की आशंका से इनकार भी नही किया जा सकता लेकिन, कार्य के प्रति सजग कर्मचारियों को वेतन नहीं दिए जाने व बिना कारण वेतन से किए गए कटौती से परेशान होकर मंगलवार को प्लेसमेंट कर्मियों ने कलेक्टर से मुलाकात कर परेशानी से अवगत कराया। बता दें कि जिले मे 40 शासकीय मदिरा की दुकान संचालित हैं। इन मदिरा दुकानों में कर्मचारियों की नियुक्ति प्लेसमेंट एजेंसी इगल हंटर सालुशन प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा की गई है और इनका वेतन भुगतान बी इगल हंटर सालुशन को करना होता है। कंपनी ने 40 दुकानों पर एक मुख्य विक्रयकर्ता, एक विक्रयकर्ता, एक मल्टी वर्कर के हिसाब से 120 कर्मचारियों की तैनाती की है। इगल हंटर कंपनी इन्हें जनवरी, फरवरी माह का वेतन आज तक नहीं दिया और इनके सैलरी में से प्रत्येक माह दो से तीन हजार रुपए की कटौती भी की जा रही है। कर्मचारियों ने बताया कि इसके कारण घर खर्च चलाने मे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हद तो तब हो गई जब कंपनी ने पिछले 6 माह से इनके वेतन से ईपीएफ, ईएसआईसी की रकम काट ली पर उनके ईपीएफ एकाउंट में नहीं डाला। ये कर्मचारी काफी दिनों से इगल हंटर कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन, कोई सुनवाई नही होने पर कलेक्टर से मिलकर अपनी समस्या से अवगत कराया। कलेक्टर ने इन कर्मचारियों को जल्द वेतन मिल जाने के लिए निर्देशित करने का आश्वासन दिया है। कर्मचारी चमनलाल कुर्रे, अमिलो कुमार ने बताया कि 20 मार्च तक सैलरी नही मिलती है तो हम सभी कर्मचारी काम पर नहीं पहुंचेंगे।






## खबर संक्षेप

### कॉल रिसीव नहीं करने पर पत्नी के साथ मारपीट

**रायपुर।** गंज थाने में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ कॉल रिसीव नहीं करने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चूनाभट्ठी निवासी धनवंतीन सेन ने विजय सेन के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत की है। धनवंतीन ने पुलिस को बताया कि वह ई-रिक्शा चलाने का काम करती है। रिक्शा चलाते समय उसके पति ने उसके पास कॉल किया, जिसे वह रिसीव नहीं कर पाई। इस बात से नाराज होकर विजय ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट की।

### एक्टिवा मुड़ी, धूल उड़ी विवाद पर युवक को पीटा

**रायपुर।** गंज थाने में एक युवक ने दूसरे युवक तथा उसके साथी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। पेशे से फल कारोबारी सागर सोनकर ने अभिषेक सोना तथा उसके एक अन्य साथी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। सागर ने पुलिस को बताया कि वह गंज स्थित शराब दुकान में शराब खरीदने गया था। वापस जाने एक्टिवा मोड़ने के दौरान धूल उड़ी, इस बात को लेकर अभिषेक तथा उसके साथी ने सागर के साथ विवाद करते हुए मारपीट की।

### विवाद पर बीचबचाव करने गया तो बोतल से फोड़ा सिर

**रायपुर।** कबीर नगर थाने में एक व्यक्ति ने चार लड़कों के खिलाफ होली खेलने के विवाद पर मारपीट करने, बीयर तथा शराब की बोतल से सिर फोड़ने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मृत्युंजय चौबे ने शुभम सिंह, गौरव सिंह, करण सिंह श्रीवास्तव, गोपाल सिंह उर्फ भोलू के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। मृत्युंजय ने बताया कि रंग खेलने के दौरान शुभम तथा उसके साथियों ने जीवनदीप के साथ विवाद करते हुए उसके साथ मारपीट की। इस बीच मृत्युंजय बीचबचाव करने गया तो बदमाशों ने शराब तथा बीयर की बोतल से मृत्युंजय का सिर फोड़ दिया।

### मजदूरी का मेहनताना मांगने पर किशोर से मारपीट

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक नाबालिग ने एक व्यक्ति तथा उसके बेटे के खिलाफ मजदूरी के पैसे मांगने पर उसके साथ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मठपारा निवासी 16 वर्षीय किशोर ने काली महराज तथा उसके बेटे के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। नाबालिग ने पुलिस को बताया कि वह काली महराज से अपनी मजदूरी के पैसे मांगने गया था। इस बात को लेकर काली महराज तथा उसके बेटे ने नाबालिग से विवाद करते हुए मारपीट की।

### एसआईबी बिल्डिंग में शार्ट सर्किट से आग, मचा हड़कंप



**रायपुर।** पुराना पीएचक्यू स्थित स्टेट इंटिलिजेंस बिल्डिंग में सोमवार दोपहर शार्ट सर्किट से आग लगने से हड़कंप मच गया। आग लगने की घटना दोपहर दो से ढाई बजे के बीच की बताई जा रही है। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। जिस समय फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने पहुंची थी, उस समय बिजली उपकरण से चिंगारी निकल रही थी। आग पर काबू पाने बिल्डिंग में विद्युत आपूर्ति बंद की गई। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने के काम में जुटी। एसआईबी के अफसरों के अनुसार आग नीचे के फ्लोर पर लगी थी। जहां आग लगी थी, वहां जूनियर स्तर के अफसर बैठते हैं। अफसरों के अनुसार बिल्डिंग में जब आगजनी की घटना हुई, उस समय लंच समय था। इस वजह से ज्यादातर अधिकारी लंच करने चले गए थे। बिल्डिंग के नीचे फ्लोर पर धुंआ निकलते देख मौके पर तैनात गार्ड वहां पहुंचा। तब तक आग बढ़ने लगी थी। इस दौरान गार्ड ने फायर ब्रिगेड तथा अफसरों को आग लगने की जानकारी दी।

मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने एक घंटे के भीतर आग पर काबू पाया।

---

### चुनाव : महासमुंद नगर पालिका में उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचन का इंतजार

# पांच निकायों में चुने जा चुके उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले के 6 नगरीय निकायों में से मुख्यालय स्थित पालिका को छोड़कर सभी स्थानों में उपाध्यक्ष चुने जा चुके हैं।

बहुमत का आंकड़ा हाथ में होने के बावजूद बागबाहरा पालिका में हुई भाजपा की ओर से क्रॉस वोटिंग के चलते महासमुंद पालिका के मामले में भाजपा किसी प्रकार का खतरा मोल नहीं लेना चाह रही है। इसके कारण महासमुंद शहर के भाजपाई पार्षद मंगलवार को तीर्थ यात्रा पर रवाना हो गए। दरअसल, महासमुंद पालिका में अध्यक्ष पद में भाजपा की करारी शिकस्त हुई वहीं 17 भाजपाई पार्षदों के जीत के आने के पश्चात भी भाजपा इस बात को लेकर आ सशंकित है कि बागबाहरा नगर पालिका की तर्ज पर कही यहां भी उन्हें उपाध्यक्ष पद से हाथ न धोना पड़े।

#### अंतिम समय में होगा फैसला

महासमुंद पालिका में उपाध्यक्ष के लिए भाजपा के पास 17 का संख्या बल है। देवीचंद राठी, निश्चय चंद्राकर, पवन पटेल, प्रीति बादल मक्कड़, हरबंश सिंह नानू, शुभ्रा शर्मा सहित कई अन्य भी उपाध्यक्ष पद के लिए हुंकार भर रहे हैं। लेकिन, संगठन की ओर से पहुंचे पर्यवेक्षक ने बताया कि सभी को भाजपा के पक्ष में मतदान करने और नामांकन के ठीक 15 मिनट पहले घोषित उपाध्यक्ष प्रत्याशी के पक्ष में मतदान के लिए तैयार कर लिया गया है।

#### पार्षदों के पास नहीं निर्वाचन प्रमाण पत्र

भाजपा ने मंगलवार को अपने सभी 17 पार्षदों को तीर्थ यात्रा पर रवाना कर दिया। सूत्र बताते हैं कि सुरक्षात्मक दृष्टि से निर्वाचन प्रमाण पत्र भी भाजपा संगठन पदाधिकारियों के पास सुरक्षित रखवा दिए गए हैं।

---



### आरंभ पब्लिक में लगा समर कैंप

**महासमुंद।** 17 मार्च से आरंभ पब्लिक स्कूल महासमुंद में समर कैंप का शुरुवात हो चुका है इसके संचालक मिलिंद चंद्राकर ने बताया की मौजूदा समय में बच्चों को घर के भीतर रहने की अधिक आदत होती जा रही है। मैदान पर खेलने फिजिकल एक्टिविटी करने की इच्छा शक्ति कम हुई है । मोबाइल पर वीडियो देखना, वर्चुअल गेम खेलना यह सब बच्चों को अधिक पसंद आता है लेकिन इसका शारीरिक दुष्प्रभाव भी देखने को मिल रहा है। इसी वजह से इस समर कैंप का आयोजन एक्टिविटी स्पेशल थीम पर किया गया है।जिसमें बच्चों के लिए पेंटिंग्स, योगा , प्लांटेंशन, आर्ट एंड क्राफ्ट, संगीत और नृत्य के साथ खेल, विज्ञान और तकनीक से जुड़ी कई रोचक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों का कहना है कि उनका उद्देश्य बच्चों को गर्मी की छुट्टियों का सद्धुपयोग करने का मौका देना है। साथ ही उन्हें नई चीजें सीखने का अवसर प्रदान करना है।। यह कैंप 17 मार्च से 22 मार्च तक रखा गया है। इसके साथ ही स्कूल में एडमिशन भी ओपन हो चुका है। 31 मार्च 2025 तक डिस्काउंट ऑफर चल रहा है जिसमे बच्चों को फीस में छूट दी जा रही है। यह स्कूल बरोंडा चौक में दुर्गा मंदिर के बाजू में स्थित है। इस स्कूल के संचालक मिलिंद पूनम चंद्राकर है जो एक इंजीनियर एवं मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन है।

---

# नगर पालिका अध्यक्ष साहू से भेंटकर आंबा कार्यकर्ताओं ने बताई समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





पालिका परिसर में मंगलवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संघ के पदाधिकारी व सदस्यों ने नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू से मुलाकात की। इस दौरान संघ के जिलाध्यक्ष सहित समस्त पदाधिकारियों ने साहू को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। संघ के पदाधिकारियों ने पालिकाध्यक्ष से शहर के समस्त 30 वार्डों में संचालित आंगनबाड़ी भवनों की मरम्मत, किराए के भवन में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए स्वयं का भवन, बच्चों के खेलने के लिए पर्याप्त स्थान सहित विभिन्न मांगे व समस्याएं रखी।

जिस पर पालिका अध्यक्ष श्री साहू ने उनकी समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुनकर समाधान के लिए हरसंभव प्रयास का आश्वासन दिया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं के सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए समाज हित में उनके योगदान को अतुलनीय बताया। साथ ही आंगनबाड़ी संघ के साथ हर परिस्थिति में खड़े रहने की बात कही। इस अवसर पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुधा रात्रे, जिलाध्यक्ष सुलेखा शर्मा सहित, जिला, ब्लॉक व शहर के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बहनें उपस्थित रहीं।

---

## नगर पंचायत बसना के उपाध्यक्ष बने शीत गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



नगर पंचायत बसना में मंगलवार को उपाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में वार्ड नंबर 09 के पार्षद शीत गुप्ता उपाध्यक्ष चुने गए। गुप्ता को 07 मत और इरफान गिगानी को 05 मत मिले। 15 पार्षदों में कुल 12 पार्षद व नगर पंचायत अध्यक्ष ने मतदान किया। शीत गुप्ता ने 02 मत से जीत दर्ज की।

गुप्ता के उपाध्यक्ष चुने जाने पर भाजपा की इस बड़ी जीत के बाद अब नगर पंचायत बसना में विकास कार्यों को गति देने के लिए संगठन और प्रशासन मिलकर काम करेगा।

इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष ऐतराम साहू, उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, पर्यवेक्षक चंद्रहास चन्द्राकार, विधानसभा संयोजक डॉ.एनके अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ.खुशबू अग्रवाल, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष एवं भाजपा युवा नेता सुमित अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, रामचंद्र अग्रवाल, दुलीकेशन साहू, विधायक कार्यालय प्रभारी एवं जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि अरविंद मिश्रा, पत्रकार आरके दास, प्रकाश पटेल, देशराज दास, विजय पटेल, कामेश बंजारा, आकाश सिन्हा, हरजिंदर सिंह हरजू, मुकेश अग्रवाल पार्षदगण सहित सम्मानित नगरवासी मौजूद रहे।

---

# नगर पालिका अध्यक्ष साहू ने राजस्व शाखा का निरीक्षण कर ली जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष निखिल कांत साहू आज अचानक पालिका के राजस्व शाखा में औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने चालू वित्तीय वर्ष में अब तक के जलकर और संपत्ति कर में राजस्व वसूली की जानकारी ली। उन्होंने कर्मचारियो को राजस्व वसूली में तेजी लाने के लिए कहा। मार्च क्लोजिंग के बचे हुए शेष दिनों में लगन के साथ कड़ी मेहनत करने की बात कहते हुए माइक से लगातार पूरे वार्डों में मुनादी कराने, बड़े बकायादारों से संपर्क करने और वसूली के लिए जागरूकता अभियान चलाने की बात कही । साथ ही वसूली कार्य में लापरवाही और उदासीनता बरतने वाले कर्मचारी प्रति खड़ा रुख अपनाने की भी बात कही। इस बीच वार्ड नंबर 02 के पार्षद जय देवांगन, वार्ड नंबर 04 के पार्षद राहुल आवड़े, वार्ड नंबर 27 के पार्षद गुलशन साहू, राजस्व प्रभारी दिलीप चंद्राकर, राजस्व लिपिक गुमान सिंह ध्रुव, सभी वार्ड प्रभारी कृष्ण कुमार वैष्णव, जय किशन सोनी, शुभम सोना, ललित साहू, चंद्रशेखर पाटकर, मुरारी साहू, महेंद्र जगत, अनुराग गुप्ता, राजस्व चपरासी गोवर्धन वर्मा उपस्थित थे।

---

# मोंगरपाली(स) में निकाली गई आभार रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना



ग्राम पंचायत मोंगरापाली (स) में जिला पंचायत सदस्य रवि साहू(फरोदिया),जनपद सदस्य तारेश्वरी पिलेश्वर पटेल व नवनिर्वार्चित सरपंच भूमिका विनय साहू ने अपने क्षेत्र में आभार रैली निकाली।

उन्होंने घर-घर जाकर ग्राम के बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। साथ ही मोंगरपाली में भाजपा युवा नेता पोखराज साहू के नेर्तत्व में नवनिर्वार्चित जनप्रतिनिधि का जोरदार स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रवि साहू ने ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया।

वहीं जनपद सदस्य तारेश्वरी पिलेश्वर पटेल ने कहा मुख्यमंत्री विष्णु देव सरकार में पूरे प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है गरीबों को आवास, नल जल और नारी शक्तियो के लिए महतारी वंदन योजना के साथ अनेकों का लाभ मिल रहा है। सबका साथ, सबका विकास ही लक्ष्य है।

सरपंच भूमिका विनय साहू ने कहा कि मैं इसी गांव की बहू बेटी ही हूं मैं हमेशा आप सभी के सूख दुख में साथ निभाने का वादा करती हूं ग्रामीणों का मुंह मीठा कराकर आभार जताया।

ग्राम में विजय जुलूस निकाल कर नुक्कड़ सभा का आयोजन कर प्रतिनिधियों द्वारा उद्बोधन कर गांव के समस्याओ का भी निराकरण का आश्वासन दिया गया। इस दौरान हीरा पटेल, जंतराम साहू, चैतराम यादव, डेरहा साहू, लिखन साहू, दीना राम साहू, भेखराम साहू , विक्रम साहू, परस देवांगन, परस यादव, गोविंद निषाद, लकेश्वर साहू, भूषण साहू, यमुना साहू, टीकम साहू, लेखराम पटेल, उत्तरा साहू, रतिराम निषाद, नितेश देवांगन, महेषु देवांगन, लीला राम साहू, अनूप देवांगन, जहांगीर खां, वजीर खां, पूर्व सरपंच गौकरण साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी आदि उपस्थित थे। आभार रैली के दौरान कार्यक्रम का संचालन प्रसन्न मिश्रा द्वारा किया गया।

---

## कनेक्शन प्रीपैड होने पर बिजली की खपत के साथ बकाया के पैसे भी कटेंगे रोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश के सभी उपभोक्ताओं के मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। प्रदेश में अब तक 11 लाख से ज्यादा मीटर बदले जा चुके हैं। उपभोक्ताओं के कनेक्शन पोस्टपैड से प्रीपैड करने की तैयारी है, लेकिन अभी इसकी कोई तारीख तय नहीं है। इतना तय है जब भी कनेक्शन प्रीपैड होंगे तो पॉवर कंपनी को बकाया से मुक्ति मिल जाएगी। ऐसे में जिन उपभोक्ताओं पर बिजली बिल का बकाया है, उनको किस्तों में भुगतान करने की सुविधा मिलेगी, इसके लिए उपभोक्ताओं को 300 दिनों का समय देने की योजना है। इस बात की भी तैयारी है कि जिस तरह से रोज की खपत के हिसाब के पैसे कटेंगे, उसी तरह से बकाया को भी 300 दिनों में बांटकर रोज पैसे काटे जाएंगे।

- कनेक्शन प्रीपैड होने पर बकाया जमा करने मिलेगा 300 दिनों का समय

केंद्र सरकार ने देश के हर राज्य में स्मार्ट मीटर लगाने का फरमान जारी किया है। इसका राजपत्र में भी प्रकाशन हो चुका है, ऐसे में कोई भी राज्य स्मार्ट मीटर लगाने से मना नहीं कर सकता है। अपने राज्य में इन मीटरों को लगाने का काम दे दिया गया है। प्रदेश में टाटा और जीनस कंपनी मीटर लगाने का काम कर रही है। रायपुर संभाग में टाटा कंपनी मीटर लगा रही, बाकी संभागों में जीनस कंपनी मीटर लगा रही है।

#### बकायादार बड़ी समस्या

अभी प्रदेश में जो बिजली के उपभोक्ता हैं, उनमें से करीब दस लाख उपभोक्ता ऐसे हैं जिनका बिजली बिल बकाया है। इन उपभोक्ता का बकाया करीब हजार करोड़ से ज्यादा का है। कोरोना काल में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल जमा न करने वालों की बिजली नहीं काटी गई थी। ऐसे में बकाया एक समय तो दो हजार करोड़ से ज्यादा का हो गया था। बाद में लगातार वसूली से बकाया कम हुआ है। लेकिन अब भी हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया है। बकायादारों में लाखों की संख्या में बीपीएल उपभोक्ता भी हैं। इन्होंने बरसों से बकाया जमा नहीं किया है, लेकिन इनकी बिजली कभी कटती नहीं है। इनसे तो सुरक्षा निधि भी नहीं ली जाती है। बीपीएल के बकायेदारों से वसूली बड़ी समस्या होगी।

#### ज्यादा बकाया भी एक समस्या

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने लिए कम राशि वाले बकायादार कोई समस्या नहीं है, क्योंकि हर उपभोक्ता का दो माह के बिजली बिल के बराबर सुरक्षा निधि की राशि जमा रहती है। जब स्मार्ट मीटर लगने के बाद कनेक्शन को प्रीपैड किया जाएगा तो कम राशि वाले बकायेदारों का बकाया सुरक्षा निधि से भी काट जा सकता है, जो पैसा बचेगा, वह वापस हो जाएगा। लेकिन जिनका बकाया सुरक्षा निधि के काटने के बाद भी बच जाएगा, उसकी वसूली के लिए पॉवर कंपनी ने 300 दिनों के अंदर किस्तों में भुगतान करने की सुविधा देने की योजना तैयार की है।

---

# आवेदनों पर एकमत नहीं कमेटी नियम बदले, विज्ञापन के चार माह बाद भी 5 विवि में 'कुलपति इन वेटिंग'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

प्रदेश के विश्वविद्यालयों में इन दिनों अजीबो-गरीब स्थिति है। प्रदेश में 14 शासकीय विश्वविद्यालय हैं। इनमें से 5 में कुलपति का इंतजार है। इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि चार विश्वविद्यालयों में आवेदन प्रक्रिया पहले ही समाप्त हो चुकी है। इनमें से तीन विश्वविद्यालयों में बदले हुए नियमों के तहत शॉर्ट लिस्टेट उम्मीदवार अपना प्रेजेंटेशन भी दे चुके हैं। इसके बाद भी यहां नामों की घोषणा अब तक नहीं की जा सकी है। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, शॉर्ट उम्मीदवार जो विश्वविद्यालय विकास कार्य के लिए अपना प्रस्तुतिकरण दे चुके हैं, उनमें से तीन नामों का पैनल बनाकर राजभवन भेजा जाना है। लेकिन अब तक कमेटी तीन नाम तय नहीं कर सकी है। दुर्ग विवि, खैरागढ़ संगीत विवि और स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि तीनों में ही यही स्थिति है। इन तीन विश्वविद्यालयों के अलवा कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विवि में कुलपति पद के लिए जारी विज्ञापन ही रद्द कर दिया गया है।

### प्रदेश में 14 शासकीय विश्वविद्यालय इनमें से 5 विवि प्रभारी के भरोसे



#### ऐसी स्थिति प्रदेश में पहली बार

कुलपति का कार्यकाल समाप्त होने के पूर्व ही नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ करने की परंपरा रही है ताकि कुलपति जैसा महत्वपूर्ण पद रिक्त ना रहे। लेकिन दो सत्रों से इस परंपरा का अनुसरण नहीं किया जा रहा है। कुलपति का कार्यकाल समाप्त होने के बाद विज्ञापन जारी किए जा रहे हैं। इसके चलते लंबे समय से पद रिक्त हैं। वहीं तीन नामों का पैनल बनाने और साक्षात्कार से पूर्व विवि को लेकर प्रस्तुति देने की व्यवस्था भी पहली बार ही की गई है।

#### जानिए... किस विवि में कैसा हाल

1. इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ - संभागायुक्त, दुर्ग संभाग (प्रभारी)
2. हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग - संभागायुक्त, दुर्ग संभाग (प्रभारी)
3. स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, दुर्ग - प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल (प्रभारी)
4. संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा - डॉ. प्रेम प्रकाश सिंह (प्रभारी)
5. कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विवि - महादेव कावरे (प्रभारी)
6. पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर - प्रो.सच्चिदानंद शुक्ल
7. आयुष विश्वविद्यालय, नवा रायपुर - डॉ. प्रदीप कुमार पात्रा
8. अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर - आचार्य अरूण दिवाकर नाथ बाजपेयी

---

### नवंबर के पहले सप्ताह में आगजनी के बाद से बाधित है व्यवस्था

# अब मिलेगी राहत, चार महीने से बंद न्यू ट्रामा की ओटी में जल्द शुरू होंगे ऑपरेशन


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आगजनी के बाद पिछले चार महीने से बंद आंबेडकर अस्पताल के न्यू ट्रामा की ओटी नए स्वरूप में बनकर तैयार हो गया है। कल्चर टेस्ट की प्रक्रिया पूरी करने के बाद यहां ऑपरेशन शुरू किए जाएंगे, जिससे मरीजों को राहत मिलेगी। इस ऑपरेशन थियेटर में व्यवस्था बाधित होने के बाद से पुराने न्यूरो सर्जरी के ऑपरेशन थियेटर में जरूरी सर्जरी पूरी की जा रही है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार आगजनी की घटना के बाद सुरक्षा सहित अन्य मापदंडों को ध्यान में रखते हुए विशेषज्ञों की टीम ने अध्ययन के बाद रिपोर्ट तैयार की थी।

### पुराने न्यूरो सर्जरी के ऑपरेशन थियेटर में की जा रही जरूरी सर्जरी

#### स्टॉफ को दी गई ट्रेनिंग

आगजनी की घटना के बाद अस्पताल में अग्निशमन सिस्टम को अपडेट किया गया था। मामले में लंबित फाइलें इसके बाद आगे बढ़ी और उन पर कार्रवाई की गई। विभिन्न स्थानों पर लगाए फायर फाइटिंग सिस्टम में बदलाव के साथ सुरक्षा में तैनात कर्मचारियों को एसडीआरएफ के अधिकारियों द्वारा इस तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए ट्रेनिंग भी दी गई थी।




#### डाक्टरों की सूझबूझ से टला था हादसा

5 नवंबर को जब एसी में शार्ट सर्किट के बाद वहां आगजनी की घटना हुई, तब एक युवक का ऑपरेशन चल रहा था। उस वक्त अन्य चिकित्सकीय स्टाफ के साथ डाक्टर भी मौजूद थे। घटना के बाद वहां हड़कंप मच गया, तो युवा डाक्टरों की टीम ने सूझबूझ दिखाते हुए मरीज को ओटी की खिड़की तोड़कर बाहर निकाला था।

**खबर संक्षेप**

### ट्रैक्टर की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** बलौदा थाना अंतर्गत ग्राम जामपाली में ट्रैक्टर की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस को प्रार्थी भजेराम सोना निवासी जामपाली ने बताया कि 16 मार्च को वह अपने खेत से लकड़ी लाने के लिए मजदूर खोजने गया था। वापस आने के दौरान करीब 5 बजे गली में लगे सार्वजनिक पानी टंकी के पास पीछे से आ रहे ट्रैक्टर के चालक सुमन सिदार ने अपने वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाते लाकर पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### पीसीसी के पूर्व महामंत्री गिरीश का दौरा आज

**महासमुंद।** पीसीसी के पूर्व प्रभारी महामंत्री व छग खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन 19 मार्च को महासमुंद जिले के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान श्री देवांगन नदी मोड़, झलप, पिथौरा, सांकरा, बसना, सराईपाली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। उक्त जानकारी आलोक चंद्राकर ने दी।



**निधन**

### दयालाल साहू

**महासमुंद।** ग्राम फुलवारी (बागबाहरा) निवासी 65 वर्षीय दयालाल साहू का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृहग्राम फुलवारी में किया गया। वे खूबचंद साहू, तोरण साहू के पिता थे।



### निजाम साहू

**महासमुंद।** ग्राम मामा भांचा के वरिष्ठ नागरिक निजाम साहू (85) वर्षीय का आज आकस्मिक निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वह नीलकंठ साहू, लेखराम साहू के बड़े भैया , महेश, अवध के बड़े पिता, अरुण के पिता, एवं राकेश, सतीश के दादा थे।



# खनिज क्षेत्र में पारदर्शिता और नवाचार का नया अध्याय: खनिज प्रबंधन में डिजिटल युग

## 2024-25 में अप्रैल से फरवरी तक 11, 581 करोड़ रुपये का खनिज राजस्व अर्जित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य

- **44 खनिज ब्लॉकों की सफलतापूर्वक ई-नीलामी : देश में पहली बार, खनिज लिथियम ब्लॉक की सफलतापूर्वक नीलामी**

सरकार ने पारदर्शी खनन नीति, ई-नीलामी, डिजिटल निगरानी और पर्यावरण-संवेदनशील खनन रणनीतियों को अपनाकर प्रदेश के आर्थिक और औद्योगिक विकास को नए आयाम दिए हैं। खनिज संसाधनों के सुव्यवस्थित उत्खनन के चलते बीते वर्षों में छत्तीसगढ़ के खनिज राजस्व में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गई है। राज्य के गठन के समय की तुलना में खनिज राजस्व में 30 गुना वृद्धि हुई है, जो 2023-24 में 13, 000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया और 2024-25 में अप्रैल से फरवरी तक ही 11, 581 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया जा चुका है। यह पारदर्शी खनन नीति और प्रभावी प्रशासन का परिणाम है। अब तक 44 खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी सफलतापूर्वक की जा चुकी है, जिसमें अब तक चूना पत्थर के 14, लौह अयस्क के 9, बॉक्साइट के 11, स्वर्ण के 3, निकल, क्रोमियम के 2, ग्रेफाइट के 2, ग्लूकोनाइट के 2 और लिथियम के 1 खनिज ब्लाक की नीलामी की गई है। प्रदेश में अब तक 10 क्रिटिकल एवं डीप सीटेड मिनरल्स ब्लॉक्स की सफलतापूर्वक नीलामी भारत सरकार द्वारा देश के आर्थिक एवं सामरिक विकास को ध्यान में रखते हुए क्रिटिकल एवं सामरिक महत्व के खनिजों के लिए राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल मिशन की घोषणा जनवरी, 2025 में की गई है। इस के अनुरूप प्रदेश में विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 से ही क्रिटिकल एवं सामरिक महत्व के खनिजों के अन्वेषण/खोज पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिसके तहत 56 अन्वेषण परियोजनाओं में से 31 परियोजनाओं अंतर्गत क्रिटिकल एवं डीप सीटेड मिनरल्स पर कार्य किये जा रहे है। प्रदेश में अब तक 10 क्रिटिकल एवं डीप सीटेड मिनरल्स ब्लॉक्स जिसमें लिथियम का 1, स्वर्ण का 3, निकल, क्रोमियम का 2, ग्रेफाइट का 2 ग्लूकोनाइट के 2 मिनरल ब्लॉक की नीलामी की गई है।

देश में पहली बार खनिज लिथियम ब्लॉक की सफलतापूर्वक नीलामी की कार्यवाही भारत सरकार द्वारा की गई है जिसके तहत जिला कोरबा के कटघोरा लिथियम ब्लॉक को मेसर्स साउथ मायकी माइनिंग कंपनी को 76 प्रतिशत प्रीमियम राशि पर आबंटित किया गया है। राज्य के सुकमा एवं कोरबा जिले में भी लिथियम अन्वेषण कार्य किया जा रहा है जिसमें लिथियम के भंडार पाये जाने की पूर्ण संभावना है। बैलाडीला क्षेत्र भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क भंडारों में से एक है। यहां तीन नए लौह अयस्क ब्लॉकों की ई-नीलामी प्रक्रिया जारी है, जिसे मार्च 2025 तक पूरा किया जाएगा। इसके अलावा कांकेर जिले के हाहालद्दी लौह अयस्क खनिज ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है। पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखते हुए खनन क्षेत्र को अधिक पारदर्शी और वैज्ञानिक रूप से संचालित करने के लिए सरकार ने कई नई पहल की हैं। सेटेलाइट इमेजरी और माइनिंग सर्विलियेंस सिस्टम के माध्यम से अवैध खनन की निगरानी की जा रही है। गौण खनिज खानों में सुव्यवस्थित और वैज्ञानिक पद्धति से खनन को बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी गई है। राज्य सरकार बेहतर कार्य करने वाले पट्टेधारियों को 'स्टार रेटिंग' प्रणाली के तहत प्रोत्साहित कर रही है। खनिज राजस्व का एक बड़ा हिस्सा प्रदेश के सामाजिक विकास में निवेश किया जा रहा है। जिला खनिज संस्थान न्यास के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 1, 673 करोड़ रुपये की निधि प्राप्त हुई है, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल और कौशल विकास सहित 9, 362 विकास कार्यों को मंजूरी दी गई। इससे खनन प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में महत्वपूर्ण सुधार हो रहा है।

### खनिज अन्वेषण कार्यों का विस्तार और नई परियोजनाएं

राज्य सरकार ने चूना पत्थर, बॉक्साइट, लौह अयस्क और ग्रेफाइट सहित कुल 13 खनिज परियोजनाओं में अन्वेषण कार्य शुरू किया है। प्रारंभिक सर्वेक्षणों में चूना पत्थर के 283 मिलियन टन, लौह अयस्क के 67 मिलियन टन और बॉक्साइट के 3 लाख टन भंडार का अनुमान लगाया गया है। स्वर्ण, ग्रेफाइट और ग्लूकोनाइट जैसे खनिजों की खोज भी की जा रही है, जिससे राज्य के खनन क्षेत्र को और मजबूती मिलेगी। इसके अलावा, सूरजपुर जिले के जाजावल क्षेत्र में यूरेनियम ब्लॉक के लिए परमाणु ऊर्जा विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है। कोल बेड मीथेन पूर्ववर्ती कोरिया जिले में वेदांता लिमि. एवं ऑईलमैक्स को पेट्रोलियम अन्वेषण लायसेंस स्वीकृत किया गया है। मैंगनीज ओर इंडिया लि. (मोईल) द्वारा सीएमडीसी के साथ प्रदेश में प्रथम बार बलरामपुर क्षेत्र में खनिज मैंगनीज का भंडार चिन्हित किया गया है। मुख्य खनिजों के लिए अन्वेषण हेतु केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट की स्थापना की गई है। इसी तर्ज पर खनिज विभाग द्वारा राज्य के गौण खनिजों के व्यवस्थित विकास एवं अन्वेषण के लिए राज्य खनिज अन्वेषण ट्रस्ट की स्थापना की योजना पर कार्य किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्राकृतिक संसाधनों की दृष्टि से छत्तीसगढ़ देश के समृद्ध राज्यों में से एक है। कोयला, लौह अयस्क, चूना पत्थर, बॉक्साइट, स्वर्ण, निकल, क्रोमियम और प्लेटिनम समूह के तत्व सहित कुल 28 प्रकार के खनिजों की प्रचुरता ने इस राज्य को देश के खनन क्षेत्र में एक अग्रणी भूमिका में ला खड़ा किया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार की पारदर्शी नीतियों, सतत विकास की रणनीतियों और कुशल प्रशासनिक प्रयासों के चलते छत्तीसगढ़ भारत के अग्रणी औद्योगिक और आर्थिक केंद्र के रूप में उभर रहा है। खनिज संपदा के माध्यम से प्रदेश न केवल आर्थिक मजबूती प्राप्त कर रहा है, बल्कि हरित और सतत विकास की दिशा में भी अग्रसर हो रहा है। आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ अपनी समृद्ध खनिज संपदा और रणनीतिक पहल के साथ भारत के माइनिंग हब के रूप में अपनी पहचान और अधिक सशक्त करेगा।

## टीएल बैठक : जिले में चल रहे कार्यों की हुई समीक्षा

# कलेक्टर विनय लंगेह ने समय सीमा की बैठक में दिए महत्वपूर्ण निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




समय सीमा की बैठक में मंगलवार को कलेक्टर विनय लंगेह ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में धान उठाव, ई-केवाईसी, 5वीं और 8वीं बोर्ड परीक्षा, डिजिटल क्रॉप सर्वे, पीएम जनमन योजना, हीट वेव से बचाव और मनरेगा में श्रम आधारित कार्य जैसे अहम मुद्दों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, रविराज ठाकुर, एसडीएम हरिशंकर पैकरा सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे एवं वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अनुविभागीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी जुड़े थे। कलेक्टर लंगेह ने खाद्य विभाग और संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिया कि धान उठाव की प्रक्रिया शीघ्रता से पूरी की जाए, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। पीएम किसान सम्मान निधि और अन्य योजनाओं के तहत लाभार्थियों की ई-केवाईसी प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। 5वीं और 8वीं बोर्ड परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गए कि वे सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह सर्वे समय पर पूरा किया जाए ताकि योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थियों को मिल सके। जहां प्रारम्भ नहीं हुए हैं वहां प्रारम्भ करने के निर्देश भी दिए गए। इसी तरह प्रधानमंत्री जनमन योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस योजना के लक्ष्यों को शीघ्रता से पूरा करें। उन्होंने गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए, हीट वेव से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने, सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने और आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को सतर्क रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों और सड़कों पर आवारा मवेशियों के जमवाड़ा को सुरक्षित स्थानों पर रखने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर लंगेह ने मनरेगा के तहत अधिकतम श्रम आधारित कार्यों को स्वीकृति देने के निर्देश दिए गए, जिससे ग्रामीणों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध हो सके एवं ग्रामीणों को बिना वजह पलायन न करना पड़े। इसके अलावा, विभिन्न सरकारी योजनाओं और समय सीमा पत्रकों की विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे सभी योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करें ताकि आमजन को इनका लाभ जल्द से जल्द मिल सके। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों को कार्य में पारदर्शिता और तत्परता बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए।

# कलेक्टर ने जन चौपाल में सुनी लोगों की समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से लोग अपनी-अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए हर मंगलवार को आयोजित जन चौपाल में कलेक्ट्रेट पहुंचते हैं। जन चौपाल में लोगों ने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से एक-एक कर मुलाकात की और उनके समक्ष अपनी मांगें व समस्याएं रखी। जन चौपाल में आज अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 39 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्रकरणों के अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित करते हुए यथाशीघ्र नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने महत्वपूर्ण प्रकरणों को समय सीमा में दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित अधिकारी को प्रेषित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जन चौपाल में महासमुंद मालीडीह निवासी रामाधार खैरवार, नंदू खैरवार एवं दशरू खैरवार ने पीएम सम्मान निधि की राशि दिलाने, महासमुंद की सुरोषे राउत ने प्रधानमंत्री आवास सूची में नाम जुड़वाने कलेक्टर को आवेदन सौंपे। इसी तरह बागबाहरा कसहीबाहरा के कृपाल सिंह एवं ग्राम बावनकेरा के संतोष कुमार यादव ने ने भूमि अधिग्रहण की मुआवजा राशि दिलाने, पिथौरा डोंगरीपली के निवासी सुदर्शन ने भूमि व्यवस्थापन के लिए, ग्राम झलप के हेमंत ध्रुव ने प्रधानमंत्री आवास दिलाने, प्लेसमेंट कंपनी इगल हंटर सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मदिरा दुकानों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को 2 माह का वेतन राशि भुगतान कराने एवं ग्राम परसाडीह सरपंच रेखा सोनकर ने वार्ड क्रमांक 01 में बोरिंग खनन के लिए कलेक्टर को आवेदन दिए। इसी तरह आवेदकों द्वारा प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, अतिक्रमण हटाने एवं अन्य योजनाओं से संबंधित आवेदन कलेक्टर को सौंपे गए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को मांग एवं समस्याओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार तत्काल निराकरण के निर्देश दिए।

# जेई भर्ती परीक्षा में बीई डिग्रीधारियों को मिले अवसर : विनोद चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व

- **सरकार की भेदभाव पूर्ण नीति से युवाओं में बढ़ रहा आक्रोश**

महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने बीई/बीटेक डिग्री धारी अभ्यर्थियों को विभिन्न विभागों में जेई (जूनियर इंजीनियर) भर्ती परीक्षा से वंचित किए जाने की सरकार के अव्यवहारिकता पूर्ण निर्णय की निंदा करते हुए कहा कि इससे पूर्व सरकार द्वारा बी.एड. डिग्रीधारियों की सेवा समाप्त कर डीएलएड डिग्रीधारी अभ्यर्थियों को सहायक शिक्षक भर्ती करने की प्रक्रिया शुरू की गई है।



जिससे हजारों बीएड योग्यताधारी अभ्यर्थी बेरोजगार हुए हैं। अब फिर प्रदेश के लगभग 25 हजार से अधिक बीई/बी.टेक डिग्रीधारी अभ्यर्थियों में सरकार एवं प्रशासन के अदूरदर्शिता पूर्ण निर्णय से आक्रोश व्याप्त है। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद भी वर्तमान में सरकार द्वारा पीएचई विभाग में जेई सहित कुल 128 पदों में भर्ती के लिए जेई/बी.टेक डिग्रीधारियों को भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया। केवल डिप्लोमाधारी छात्रों को ही परीक्षा के लिए पात्र माना गया है।



### आज दी जाएगी आंतरिक मूल्यांकन की जानकारी

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत संचालित पाठ्यक्रम स्नातक द्वितीय सेमेस्टर कला/वाणिज्य / विज्ञान / कंप्यूटर संकाय के नियमित विद्यार्थियों को 19 मार्च को सुबह 10:30 बजे से आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा संबंधी निर्देश एवं असाइनमेंट के विषय की जानकारी दी जाएगी। इस दौरान सभी छात्रों को अनिवार्य रूप से प्रथम सेमेस्टर के प्रवेश पत्र के साथ उपस्थित होना होगा। यह जानकारी एनईपी प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. ईपी चेलक ने दी।

# जिलाध्यक्ष पद पर 5 साल पूर्ण होने पर रश्मि का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को डॉ. रश्मि चंद्राकर को जिलाध्यक्ष के तौर पर कार्य करते हुए 5 वर्ष पूर्ण करने पर सम्मानित किया। बताया गया कि डॉ रश्मि 2020 कोरोना काल से कांग्रेस कमेटी महासमुंद की जवाबदारी निभाती आ रही हैं। डॉ.रश्मि ने अपने कार्यकाल में विधानसभा, लोकसभा, नगर पालिका, जनपद पंचायत, जिला पंचायत एवं पंच-सरपंच सभी चुनावों की जिम्मेदारी पार्टी के जिला अध्यक्ष के रूप में निभाई।

महासमुंद में जिले के दो विधायक एवं दो नगर पालिका अध्यक्ष,जनपद अध्यक्ष का विजयी होना डॉ रश्मि चंद्राकर की एक उपलब्धि ही है जबकि पूरे छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के आठ नगर पालिका अध्यक्ष विजयी हुए हैं जिसमें से महासमुंद एवं बागबाहरा नगर पालिका अध्यक्ष जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में पद पर विराजमान हुए हैं। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू एवं पार्षद विजय साव, ओमिन कागजी, मुस्ताक खान, सूरज नायक, गुलशन साहू, जय देवांगन को शाल श्रीफल भेंट कर कांग्रेस जनों के द्वारा सम्मानित किया गया, साथ ही कांग्रेस पार्टी प्रत्याशियों का भी सम्मान किया गया।



कार्यक्रम में डॉ रश्मि चंद्राकर जिला अध्यक्ष, खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, खिलावन साहू ग्रामीण अध्यक्ष, निखिलकांत साहू नगर पालिका अध्यक्ष, दुर्गा सागर महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष, दाऊलाल चंद्राकर, नरेंद्र दुबे वरिष्ठ कांग्रेसजन, मनोजकांत साहू, भरत ठाकुर, सोमेश दवे, प्रदीप चंद्राकर, वीरेंद्र चंद्राकर, गौरव चंद्राकर, डॉ तरुण साहू, हुलाश गिरी गोस्वामी, वर्तमान पार्षद विजय साव, मुस्ताक विक्की खान, सूरज नायक, ओमिन कागजी, गुलशन साहू, जय देवांगन, दशोदा ध्रुव, सोनम रामटेके, प्रीति साहू, पिंकी बघेल, मिकी शर्मा, हर्षित चंद्राकर, अक्षय साकरकर, शाहबाज राजवानी, प्रकाश अजमानी, सतीश कन्नौजे, अजय थवाईत, निर्मल जैन, ममता चंद्राकर, तुलसी साहू, संतोष धीवर, मेहूल सूचक, रवि साहू, वसंत चंद्राकर, रवि ध्रुव, डॉ एजाज नकवी, शुभम चंद्राकर, तुलसी देवदास, भानु सोनी इत्यादि उपस्थित रहे। इस दौरान दाऊ लाल चंद्राकर, वरिष्ठ कांग्रेसी नरेंद्र दुबे, ने अपने विचार व्यक्त किए।

## महिला दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया गया सम्मानित

# अवसरों की तलाश ही नहीं, बल्कि सृजन भी करें: एकता लंगेह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को महिला एवं बाल विकास द्वारा 'सशक्त महिला सशक्त समाज' की थीम पर महिला दिवस का आयोजन स्थानीय शंकराचार्य भवन में किया गया। कार्यक्रम में समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने वाली डॉ. एकता लंगेह व श्रीमती प्रिया सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक उन्नति को बढ़ावा देना व उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित करना था। इस मौके पर पूर्व नपा अध्यक्ष राशि महिलांग, अरुणा शुक्ला, स्थानीय महिला पार्षद गण, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

डॉ. एकता लंगेह ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाओं को केवल अवसरों की तलाश ही नहीं करनी चाहिए, बल्कि स्वयं अवसरों का सृजन भी करना चाहिए। उन्होंने कहा, आज की नारी हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही है। शिक्षा, विज्ञान, राजनीति, खेल और उद्यमिता हर जगह महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। हमें अपनी क्षमता पर विश्वास रखते हुए आगे बढ़ना चाहिए और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि यह समाज की समग्र प्रगति का आधार होना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा



कि महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं के मासिक धर्म के समय गंदे कपड़े उपयोग करने के कारण होने वाले बीमारी के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है। साथ ही एक परिवार में सुरक्षित माहौल बनाने के लिए जोर डाला गया ताकि एक किशोरी माहवारी की पीड़ा को अपने पिता या भाई को भी आसानी से बता सके और डॉक्टरी इलाज मिल सके। उन्होंने कहा कि यह एक शारीरिक प्रकिया है, जिसमें भेदभाव नहीं करना चाहिए साथ ही साथ हमें अपने आसपास लोगों को भी मासिक धर्म के प्रति फैली भ्रांति से जागरूक करना चाहिए और मासिक धर्म के समय सेनेटरी पैड का उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया एवं स्वच्छता के प्रति संदेश देने सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के उत्थान, शिक्षा और अधिकारों पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में प्रिया सिन्हा ने सशक्त, आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, महिला केवल परिवार और समाज की रीढ़ ही नहीं, बल्कि वह सशक्तिकरण और परिवर्तन की प्रतीक भी है। आज महिलाएँ हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। हमें अपने आत्मविश्वास को बनाए रखते हुए आगे बढ़ना चाहिए और हर चुनौती का सामना साहस के साथ करना चाहिए। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें और शिक्षा एवं कौशल विकास को प्राथमिकता दें। इस अवसर पर समाज सेवी महिलाओं ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी समीर पांडेय, परियोजना अधिकारी शैल नाविक, पर्यवेक्षक शीला प्रधान, उप संचालक समाज कल्याण संगीता सिंह, तारिणी चंद्राकर, महिला एवं बाल विकास विभाग के अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहे।

### एसडीएम ने कोटवारों की बैठक लेकर किसान पंजीयन को बढ़ावा देने के दिए निर्देश



**महासमुंद।** सरायपाली तहसील के समस्त कोटवारों की बैठक अनुविभागीय अधिकारी नम्रता चौबे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य कोटवारों को किसान पंजीयन (फार्मर रजिस्ट्रेशन) की प्रक्रिया को प्रभावी रूप से गांवों में प्रचारित करने हेतु दिशा-निर्देश देना था। बैठक में एसडीएम चौबे ने कोटवारों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में मुनादी कराकर किसानों को फार्मर रजिस्ट्रेशन के प्रति जागरूक करें तथा अधिक से अधिक किसानों को इस प्रक्रिया से जोड़ने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि किसान पंजीयन से किसानों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सकेगा, जिससे वे अपनी फसल का उचित समर्थन मूल्य प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कोटवारों से कहा कि वे गांव-गांव जाकर किसानों को इसकी महत्ता समझाएं और उन्हें आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीयन कराने में सहयोग करें। इस दौरान तहसीलदार एवं अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पीएम इंटर्नशिप योजना अंतर्गत 31 तक ऑनलाइन आवेदन

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना में 10 वीं, 12 वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थी जो नियमित शिक्षा या उच्च शिक्षा में पंजीकृत न हो, आवेदक हेतु यह अनिवार्य है कि वह किसी नियमित जॉब, नियोजन में न हो, आवेदक के परिवार में कोई सदस्य शासकीय नौकरी में न हो, परिवार के किसी सदस्य की वार्षिक आय 8 लाख से अधिक न हो व आवेदक की उम्र 21 से 24 वर्ष तक हो तो वो इंटर्नशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं। इंटर्नशिप के लिए आवेदन के लिए एक ऑनलाईन पोर्टल https://pminternship.mca.gov.in प्रारंभ किया है, जिसका उपयोग करके आवेदन फार्म भरा जा सकता है।

### टुपेश को मिली पीएचडी की उपाधि

**महासमुंद।** पीजी कॉलेज में शोधार्थी टुपेश कुमार कोसमा द्वारा छत्तीसगढ़ के कांकेर जिला में अनुसूचित जनजाति महिलाओं का राजनीतिक सशक्तिकरण एवं पंचायतीराज व्यवस्था (भानुप्रतापपुर विकासखंड के विशेष संदर्भ में) विषय पर शोध निर्देशक डॉ मालती तिवारी के मार्गदर्शन पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पूरा किया। जिसकी अधिसूचना विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा 18 मार्च 2025 को जारी करते हुए दी गई। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य द्वय डॉ ज्योति पांडे, डॉ अनुसुइया अग्रवाल एवं वर्तमान प्राचार्य श्रीमती करुणा दुबे एवं शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर की प्राचार्य डॉ रश्मि सिंह सहित अन्य प्राध्यापकों, सहपाठियों, परिवारिक सदस्यों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

चैत्र नवरात्र महोत्सव 2025

### जय मां खल्लारी बेमचा वाली

**महासमुंद।** ग्राम बेमचा के मां खल्लारी मंदिर में ज्योति प्रज्ज्वलन 30 मार्च शनिवार को दोपहर 12 बजे होगा। वहीं, पंचमी श्रृंगार 2 अप्रैल, हवन अनुष्ठान 5 अप्रैल संध्या 5 बजे, ज्योति शांति 5 अप्रैल रात्रि 12 बजे, मेला 12 अप्रैल को होगा। इसी प्रकार श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान गंगा सप्ताह के दौरान भगवताचार्य पंडित मिथलेश कुमार तिवारी वाले प्रवचन करेंगे। जिसका समय दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक प्रतिदिन होगा। यह उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

# सुवरमार राज सर्कल बाघामुड़ा के आश्रित ग्राम डिहटेमरी में हुआ वार्षिक अधिवेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

अखिल भारतीय गोड़ समाज सुवरमार राज के अंतर्गत बाघामुड़ा सर्कल के आश्रित ग्राम डिहटेमरी में वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। इस अधिवेशन की शुरूआत ग्राम में कलश शोभा यात्रा निकली उसके बाद छत्रपति भागवान बूढ़ादेव के छायाचित्र के समक्ष पूजन अर्चन व पुष्प माल्यार्पित कर बूढ़ादेव की आरती कर की गई। बाद सभा को संचालित करने के लिए सर्वसम्मति से सर्कल अध्यक्ष अरुण ठाकुर को सभापति नियुक्त किया इस दौरान समाज जनों के द्वारा ताली बजाकर समर्थन किया इसके बाद अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ व गुलाल चंदन बंदन से किया गया इस अधिवेशन के मुख्य अतिथि के आसंदी पर विराजमान रही अखिल भारतीय गोड़ समाज 18 गढ़ केंद्रीय अध्यक्ष बसंता ठाकुर, केंद्रीय अध्यक्ष 18गढ़ महिला प्रकोष्ठ रामबती ठाकुर एवं विशेष अतिथि के रूप में सर्कल अध्यक्ष भालूचुवां मोहर सिंह ठाकुर, सर्कल अध्यक्ष कारागुला सुरेंद्र सिंह मांझी, सुवरमार राज सचिव भारत सिंह ठाकुर, राज कोषाध्यक्ष भगवानी ठाकुर, राज आडिटर शंकर ठाकुर, राज शिक्षा प्रभारी मनोज ठाकुर, राज सदस्य भावसिंह ठाकुर, केशव ठाकुर, ईश्वरी ठाकुर, इत्यादि उपस्थित रहे। इसके बाद बैठक की चर्चा शुरू करते हुए गोड़ समाज के बहुत ही सक्रिय समाज सेवी समाज को



अच्छी शिक्षा एवं दिशा देने वाले आरआई ताहर सिंह ठाकुर, उनकी पत्नी बिंदेश्वरी ठाकुर, पुत्री वैभवी ठाकुर, सरोजनी ठाकुर शिक्षिका, तृप्ति ठाकुर शिक्षिका एवं ड्राइवर साहू के दुखद निधन पर गोड़ समाज ने दो मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा के लिए शांति पाठ किया और कहा कि यह हमारे समाज के लिए बहुत बड़ी क्षति है। इसके बाद सामाजिक बैठक को आगे बढ़ाते हुए उद्बोधन में मुख्य अतिथि बसंता ठाकुर केंद्रीय अध्यक्ष ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि समाज संगठित रहे, बच्चों को अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य में ध्यान देने की बात कही। साथ ही अभी परीक्षा के समय में हर छात्र-छात्राएं को किसी भी प्रकार का परेशानी आने ना दें। उन्होंने युवक-युवतियों से सामाजिक गति विधियों से जुड़ने की बात कही है।

उसके बाद समाज के प्रतिभावान छात्र में कक्षा 5वीं 8वीं 10वीं और 12वीं के बच्चों युवक युवती संगठन को भी प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार वितरण के बाद आय व्यय जानकारी प्रस्तुत किया गया। इस वार्षिक अधिवेशन में आए समस्त अतिथियों एवं समाज जनों का धन्यवाद ज्ञापित किया। वार्षिक अधिवेशन का संचालन सर्कल सचिव रोहित ठाकुर ने किया। इस दौरान समाज के पदाधिकारी में अध्यक्ष अरुण ठाकुर, संरक्षक अमरसाय ठाकुर, उपाध्यक्ष खेमलाल ठाकुर, कोषाध्यक्ष अरविंद ठाकुर, सचिव रोहित ठाकुर, सहसचिव प्यारे ठाकुर, संयोजक, महामंत्री परसुराम ठाकुर, सलाहकार बुटांगु ठाकुर, अंकेक्षक टिकेश्वर ठाकुर, शिक्षा प्रभारी यशवंत ठाकुर, मिडिया प्रभारी सेतराम ठाकुर, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोषी जगत, पंच गण सुरजीत ठाकुर, धन मंत्री ठाकुर, मुकेश ठाकुर, प्रीतम ठाकुर, पिलउ ठाकुर, भोला ठाकुर, पुनारद ठाकुर, मठियार थानू नेताम, समाज दूत दौलतराम ठाकुर, महिला प्रकोष्ठ मीना जगत, किरण ठाकुर, डिगेश्वरी ठाकुर, कांति ठाकुर, युवा प्रकोष्ठ ललित ठाकुर, नील कुमार ठाकुर, रुप सिंह ठाकुर, किशन ठाकुर, थानू जगत समेत समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## बैठक : जिला स्तरीय समन्वय समिति ने की विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

# नशीले पदार्थों के अनाधिकृत विक्रय पर सख्त कार्रवाई की जाएगी: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वापक औषधि मनः प्रभावी पदार्थों के

- मेडिकल दुकानों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरा लगाए जाएं : पुलिस अधीक्षक सिंह
- स्वापक औषधि मन : प्रभावी पदार्थों के नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक

अनाधिकृत व्यवसायियों पर व्यापक और प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह भी मौजूद रहे।

कलेक्टर लंगेह ने कहा कि ऐसे स्वापक औषधि मनः प्रभावी पदार्थ के अनाधिकृत व्यवसायियों पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यह जिला ओडिशा राज्य की सीमा से लगे होने के कारण अनाधिकृत व्यवसायियों द्वारा ऐसे औषधियों के क्रय-विक्रय की संभावना बनी रहती है। पुलिस द्वारा कार्रवाई भी की जाती है।

उन्होंने नगरीय निकायों में कचरा संग्रहण केंद्रों में विशेष रूप से बायो मेडिकल वेस्ट, सीरींज या टेबलेट पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।





### माल वाहक वाहनों में सवारी न ढोएं

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह ने कहा कि जिले में लगातार सड़क दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा है। जिसका मुख्य कारण सीट बेल्ट या हेलमेट नहीं पहनना है साथ ही मादक द्रव्यों का सेवन भी एक महत्वपूर्ण कारक है। उन्होंने अपील किया कि सभी नागरिक एवं शासकीय अधिकारी-कर्मचारी वाहन चलाते समय सीट बेल्ट या हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें अन्यथा उन पर भी चालानी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मालवाहक वाहनों जैसे पिकअप, ट्रैक्टर, ट्रक आदि का सवारी वाहनों के रूप में प्रयोग नहीं करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसा पाए जाने पर तत्काल लाइसेंस रद्द किया जाएगा। इसके अनुपालन के लिए सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदारों को निर्देश दिए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह ने कहा जिले में स्वापक औषधि मनः प्रभावी पदार्थ के रोकथाम के लिए दवा व्यवसायियों की बैठक लेकर दिशा-निर्देश दें तथा निगरानी की जाए। स्वापक औषधि मनः प्रभावी पदार्थ जो किसी रोग उपचार हेतु दवाईयों की श्रेणी में आते हैं। क्रय-विक्रय पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा कड़ी निगरानी रखी जाए एवं उल्लंघन करते पाये जाने पर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। प्रत्येक मेडिकल दुकानों में सीसीटीवी कैमरा भी अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों और मैदानी अमलों में भी इस संबंध में विशेष निगरानी रखी जाए।

स्कूल, कॉलेजों में भी समन्वय कर जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कोटप्पा एक्ट की कार्रवाई बढ़ाने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए है कि नशीली पदार्थों के अनाधिकृत विक्रय करते पाए जाने पर सख्त से सख्त कार्रवाई करें।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में नशीली दवाओं के दुरूपयोग और उसके व्यापार पर सभी कारगर कदम उठाएं। जिले के सीमावर्ती इलाकों में कड़ी नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि ज्यादातर अपराध नशा की वजह से होते है।

उन्होंने कहा कि स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ जो किसी रोग उपचार हेतु मेडिसीन के वर्ग में आते है, इसके क्रय-विक्रय पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन कड़ी निगरानी रखें। सहायक औषधि नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने इस संबंध में जानकारी दी। बैठक में समिति सदस्य, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, उप संचालक समाज कल्याण, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## बागबाहरा में प्रेसिडेंट-इन-काउंसिल व सलाहकार समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



नगरपालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने छग नगरपालिका अधिनियम 1961 की संशोधित धारा 70 के अधीन प्रेसीडेंट-इन-काउंसिल एवं सलाहकार समिति का गठन करते हुए खिलेश्वरी छोटू बघेल सभापति, देवेश साहू सदस्य, मंता यादव सदस्य, शैलेश कुमार साहू सदस्य, शिवा जगत सदस्य, मेनका पोखराज साहू सदस्य, मिथुन अमीर सदस्य, रमेश ठाकुर सदस्य बनाया है। आवास पर्यावरण लोनिवि मंता यादव प्रभारी सदस्य मिथुन अमीर सदस्य, मेनका साहू, सविता दीवान, प्रीति महेंद्र गुप्ता, जलकार्य विभाग शैलेश कुमार साहू, प्रभारी सदस्य रमेश ठाकुर, देवेश साहू, कुलेश देवांगन, थानू पांडे, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग मेनका पोखराज साहू प्रभारी सदस्य, सविता दीवान, सदस्य रमेश ठाकुर, शिवा जगत, अनिता अजीत तांडी, राजस्व तथा बाजार विभाग- मिथुन अमीर प्रभारी, सदस्य मेनका पोखराज साहू, रमेश ठाकुर, शिवा जगत, मंता यादव, खाद्य नागरिक आपूर्ति पुनर्वास तथा नियोजन, रमेश ठाकुर प्रभारी सदस्य, थानूराम पांडे, श्यामा लोकू चंद्राकर, शिवा जगत, मंता यादव, शिक्षा, महिला तथा बाल कल्याण- विभाग देवेश साहू, प्रभारी सदस्य शैलेश कुमार साहू, उदय सिंह चंदेल, रूपेश कुमार साहू, मिथुन अमीर, विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग-शिवा जगत प्रभारी सदस्य, मंता यादव, शैलेश कुमार साहू, मिथुन अमीर, कुलेश्वर देवांगन होंगे।

### युवा नारी शक्ति का गठन

**महासमुंद।** संजय नगर वार्ड क्रमांक 5 में आज युवा नारी शक्ति का गठन किया गया। उक्त संगठन का नेतृत्व पार्षद जितेंद्र ध्रुव ने बताया कि संगठन में रहकर वार्ड में आये दिन आसामाजिक तत्वों द्वारा गाली-गलौज, मारपीट, नशा कारोबार सहित अनेक कार्य जिससे वार्ड की शांति भंग होती हो उसके रोकथाम के लिए आगे आएंगे। संगठन में महिला शक्ति से अध्यक्ष बोइदेइ बारिक, उपाध्यक्ष सविता जगत, सचिव लक्ष्मी सिंदे व सदस्यों में घुरुवा बाई, नीरा बाई, रघमा महानंद, उर्मिला, मथुरा, निर्मला, लता, उषा, पिंकी, जैमुन, अनसुइया, रुखमणि, रेखा सहित वार्ड की अनेक महिलाओं को सदस्य चुना गया। इसी तरह युवा शक्ति के लिए अध्यक्ष गजानंद ढीमर, उपाध्यक्ष पप्पू राव, सचिव सोनू ढीमर, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश निर्मलकर सलाहकार बादल बघेल सहित सदस्यों में शेखू खान, जीतू सोना, पन्नालाल ध्रुव, केश्वर ध्रुव सहित अनेकों युवाओं को सदस्य बनाया गया।



### पूर्व सरपंच का सम्मान

**महासमुंद।** सशक्त महिला सशक्त समाज आयोजक महिला बाल विकास विभाग के द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के अवसर पर महासमुंद ब्लॉक से ग्राम पंचायत खरोरा की पूर्व सरपंच सुनीता देवदत्त चंद्राकर को सशक्त महिला सम्मान एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया।

## जीवन विद्या लोकव्यापीकरण अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

चेतना विकास मूल्य शिक्षा अध्ययन केंद्र समाधान महाविद्यालय बेमेतरा में जीवन विद्या लोकव्यापीकरण अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका आयोजन डॉ. अवधेश पटेल के नेतृत्व में डॉ. अविनाश तिवारी संचालक समाधान महाविद्यालय, अध्यक्ष डॉ अलका तिवारी ने किया। टीम का नेतृत्व अभ्युदय संस्थान अछोटी ने किया। मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही, महासमुंद टीम का नेतृत्व शिक्षक गेंदलाल कोकड़िया ने किया।

कोकडिया ने बताया कि समाधान महाविद्यालय मानवीय मूल्यों की समझ बांटने वाला महाविद्यालय है। कोकडिया के अनुसार इस कार्यशाला में छग राज्य के जीवन विद्या अभियान शेल ने पावरप्वाइंट्स अपने अनुभवों, शैक्षिक प्रयोगों, अपने जीने में प्रमाणों, स्वमूल्यांकनों, संबंधों में न्यायपूर्वक, सुखपूर्वक जीने के उपाय और तौर-तरीकों से सभा को परिचित कराया।

इस टीम में राखी गेंदलाल कोकड़िया, रागेश्वर, सुशील आर्य पत्रकार एवं समाजसेवी पटेवा, नरसिंग पटेल शिक्षक खुटेरी सरकारी स्कूल पिथौरा, थानूराम पटेल समाजसेवी कसहीबाहरा झलप, सुनील शर्मा समाजसेवी तुमगांव, वसुधा खुटेरी स्कूल, तरूण चौधरी समाजसेवी सरायपाली, नंदिनी तरूण चौधरी सरायपाली समाजसेवी आदि अनेक प्रबुद्ध जन शामिल रहे।

समाधान महाविद्यालय का उद्घाटन मध्यस्थ दर्शन, जीवनविद्या के प्रणेता ए.नागराज किया था, जिसमें छग के तत्कालीन राज्यपाल, मुख्यमंत्री, प्रतिपक्ष के नेतागणों के अलावा देश-विदेश के अनेक शिक्षाविद् और शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# होली का पर्व शांति व हर्षोल्लास के साथ मनाया

## एक दूसरे को गुलाल लगाकर व नृत्य कर मनाई होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

ग्राम बिरकोनी सहित अंचल में शुक्रवार को धूमधाम से होली पर्व मनाई। सभी लोगों ने होली का त्योहार पारंपरिक रीति रिवाज से मनाया।

इस दौरान ग्रामीण बच्चों ने एक-दूसरे बड़े छोटे के ऊपर गुलाल लगाकर अभिनंदन किया। रंगों के त्यौहार होली का पर्व क्षेत्र में शांति व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें गांव के वरिष्ठ लोगों का गुलाल तिलक लगाकर होली के त्यौहार का आगाज किया।

इस अवसर पर बच्चों ने जमकर रंग गुलाल के साथ गली मोहल्लों में बच्चे एकत्रित होकर होली गीत में डांस किया। सुबह से ही बच्चे उत्सव बढ़ाने के लिए रंग और पिचकारी



से लुत्फ़ लेते नजर आये। युवाओं ने टोलियों के साथ रंग गुलाल खेली गई, होली पर्व पर बच्चों का उत्साह देखने लायक था। टोली बनाकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया। दोपहर से शाम तक सड़कों पर नागरिक रंग और गुलाल से होली खेलते दिखाई दिए। एक दूसरे को रंग व गुलाल लगाकर हर उम्र और आयु के वर्ग के लोगों ने बधाई दी व खुशियां मनाई। युवाओं ने होली नृत्य कर नगाड़ा के धुन से गुलाल उड़ाए, रास गान के साथ ग्रामीणों ने बुजुर्गों ने बाजार चौक में डंडा नृत्य की अनोखी कला प्रस्तुत की।

होली मिलन गीत के साथ बताया गया कि पर्व में एक-दूसरे से मिलने का सौभाग्य प्राप्त होता है। नगाड़ा के धुन में भाटापारा गौरा गौरी चौक, बाजार चौक, बरबसपुर में बाजार चौक, स्कूल चौक, बड़गांव में पुराना बस्ती, नहर पारा में डीजे के साथ मस्ताना अंदाज में लोग नजर आए, नयापारा में दुर्गा रंग मंच में, भाटापारा में, अछरीडीह में बाजार चौक, भाठापारा में युवा पारंपरिक नृत्य के साथ डांस करते नजर आए।

## बरबसपुर में त्रिदिवसीय अखंड नमायण समारोह शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी



ग्राम बरबसपुर जैतखाम पारा में 16 मार्च रविवार को शाम 5 बजे सतनामी समाज के सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा महान संत गुरु घासीदास की पूजा अर्चना कर त्रिदिवसीय अखंड नमायण का शुभारंभ किया गया। जिसमें समाज के लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। आयोजक समिति के सदस्य महेंद्र प्रताप सोनवानी, समीर ढीढी, भूपेंद्र सोनवानी, सुशील भारती, प्रदीप बघेल ने बताया कि आस पास के और दूसरे जिले सत्संग मंडली द्वारा नमायण समारोह में सत्संग प्रस्तुत की जा रही है। जिसमें प्रत्येक सत्संग मंडली में 5 सदस्य होना अनिवार्य है। समस्त मण्डली अपना वाद्य यंत्र साथ लाएं। मंडली को अपनी वेषभूषा भी लानी होगी। प्रत्येक सत्संग मंडली को 1151 रुपये की राशि पुरस्कार के रूप में भेंट की जा रही हैं। जिसका समापन 19 मार्च बुधवार को शाम 5 बजे भ्रमण शोभायात्रा निकालकर किया जाएगा।

## शिक्षक संगठन ने पालिका अध्यक्ष से की मुलाकात



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई महासमुंद ने आज प्रदेश सचिव ईश्वर चंद्राकर, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सिराज बक्श की अगुवाई में ब्लाक प्रमुख बाबूलाल ध्रुव के नेतृत्व में महासमुंद नगर के नव निर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू से सौजन्य मुलाकात कर अध्यक्ष बनने की शुभकामनाएं दी।

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि महासमुंद को स्वच्छ सुंदर नगर बनाने में आप शिक्षकों के सहयोग की महती आवश्यकता है। आप सब मुझे मार्गदर्शन प्रदान करे हम मिलकर अपने नगर का उत्तरोत्तर विकास करेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने समस्त फेडरेशन परिवार का आभार जताते हुए कहा कि आप लोगों ने मेरे कार्यालय में आकर मेरा सम्मान किया, इसके लिए मैं फेडरेशन परिवार का आभारी हूं। सौजन्य मुलाकात के दौरान प्रमुख रूप से राजेश चंद्राकर, पुरुषोत्तम चंद्राकर, आत्माराम साहू, सचिव लव निर्मलकर, अजय कुमार बंजारे, दिगेश पुरेना सहित फेडरेशन के पदाधिकारी मौजूद थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
06 मई से 15 मई, 20 मई से 29 मई, 03 जून से 12 जून 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मानाभ स्वामी)
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport